**भारत सरकार**
**इस्पात मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 947**
**11 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए**

**हरित इस्पात के लिए वर्गीकरण मानक**

**947. श्री नबाम रेबिआ:**
**डॉ. के. लक्ष्मण:**
**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार अपने तीव्र आर्थिक विस्तार और संधारणीय विकास हेतु प्रतिबद्धता के बीच हरित इस्पात के लिए वर्गीकरण मानक (वर्गिकी) शुरू करने की योजना बना रही है;
(ख) क्या देश में पर्यावरण-अनुकूल इस्पात उत्पादन के लिए किन्हीं वैश्विक मानकों और मानदंडों का पालन किया जा रहा है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (ग): हरित इस्पात के लिए वर्गीकरण मानक (टैक्सोनॉमी) का विकास एक वैश्विक सरोकार का विषय है और भारत भी इस सरोकार में भागीदार है। इस उद्देश्य के लिए, इस्पात मंत्रालय ने इस विषय पर चर्चा, चिंतन तथा इस संबंध में सिफारिशें देने के लिए उद्योग, अकादमिकों, विशेषज्ञ समूह, एसएंडटी निकायों, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों और अन्य हितधारकों की भागीदारी के साथ हरित इस्पात के वर्गीकरण के विकास के लिए एक कार्यबल का गठन किया है।

*****